सुविचार
गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती...

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक :- नागेश नरवरिया


वर्ष 6, अंक-83 | भोपाल, शुक्रवार 07 जनवरी 2022 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

मप्र में 1320 नए केस; गृह मंत्री बोले-

## नहीं लगेगा लॉकडाउन, मास्क नहीं तो पेट्रोल-डीजल भी नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं। हर नए दिन में पिछले दिन का रिकॉर्ड टूट रहा है। 6 जनवरी को प्रदेश में 1320 नए प्रकरण सामने आए। इनमें से इंदौर में 584 और भोपाल में 246 नए केस शामिल हैं। ग्वालियर में नए केस बढ़कर 142 और जबलपुर में 92 तक पहुंच गए हैं। इसे मिलाकर प्रदेश में एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 3,633 हो गई है। गुरुवार को भोपाल में एक मौत भी दर्ज हुई है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि पुलिस के 13 जवान भी कोरोना से संक्रमित हुए हैं। प्रदेश में मास्क को लेकर सख्ती बढ़ाई जा रही है। प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराने के लिए पेट्रोल पंप संचालकर सिर्फ उन्हीं लोगों को पेट्रोल-डीजल देंगे, जिन्होंने मास्क लगाया होगा। मास्क न पहनने पर जुर्माना बढ़ाने



पर भी विचार किया जा रहा है। प्रदेश में मकोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराया जाएगा। मास्क नहीं लगाने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल और डीजल नहीं दिया जाएगा। इसके साथ मास्क नहीं लगाने पर सख्ती से जुर्माना वसूला जाएगा।

**नहीं लगेगा लॉकडाउन:** डॉ. मिश्रा ने कहा कि फिलहाल लॉकडाउन का कोई प्रस्ताव गृह विभाग के पास विचाराधीन नहीं है। लॉकडाउन या कर्फ्यू की ओर नहीं जा रहे हैं। पिछली बार के वैरिएंट से यह वैरिएंट अलग है।

पीएम की सुरक्षा में चूक: मप्र के पूर्व मंत्री ने की पीएम की आलोचना

## कहा-देश में एक ही दलित मुख्यमंत्री है, उसके लिए ऐसी दुर्भावना प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देती

**इंदौर।** मप्र के पूर्व मंत्री और राऊ से कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री की आलोचना की है। उन पर तंज कसते हुए कहा है कि मैं तेरे हुनर की इसलिए कद्र करता हूं कि तू झूठ भी बोलता है तो सियासी साजिश के लिए। वोट की साजिश के लिए। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में सियासत तेज हो गई है। मामला अब भाजपा-कांग्रेस में बदल गया है और दोनों दलों के नेताओं की ओर से बयानबाजी हो रही है। मप्र के पूर्व मंत्री और राऊ से कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने इस मामले में प्रधानमंत्री की आलोचना की है। उन पर तंज कसते हुए कहा है कि मैं तेरे हुनर की इसलिए कद्र करता हूं कि तू झूठ भी बोलता है तो सियासी साजिश के लिए। वोट की साजिश के लिए। कांग्रेस नेता





पटवारी ने गुरुवार को वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने शायरी से शुरुआत करते हुए कहा कि मैं तेरे हुनर की इसलिए कद्र करता हूं कि तू झूठ भी बोलता है तो सियासी साजिश के लिए। दोपहर तक रैली चली। भाजपा अध्यक्ष ने भाषण दिए। 1500 लोग थे। 70 हजार कुर्सियां खाली थी। पानी भी गिर रहा था। प्रधानमंत्री जी को हेलीकॉप्टर से जाना था लेकिन अचानक रूट बदल दिया और दो घंटे की यात्रा सड़क मार्ग से करके सभास्थल जाना पड़ा। एसपीजी प्रोटेक्ट कोई भी व्यक्ति 15 से 20 किमी से ज्यादा बाय रोड नहीं चल सकता, ये एसपीजी के नियम हैं। अगर सड़क मार्ग से जाना ही है तो रॉ इंटेलीजेंस होता है, आईबी होता है, मिलिट्री इंटेलीजेंस होता है, आसपास के हॉस्पिटल अलर्टनेस होती है, ब्लड ग्रुप की तैयारी होती है।

### प्रधानमंत्री की स्क्रिप्ट अच्छी थी लेकिन क्या उनसे ऐसी आशा थी...?

पूर्व मंत्री पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्क्रिप्ट अच्छी थी। पर क्या उनसे ऐसी आशा थी। देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा देश की सुरक्षा है। देश का सम्मान है। देश का सिर का ताज है। नरेंद्र मोदी जी, आप मोदीजी से पहले देश के प्रधानमंत्री हो। हमारे प्रधानमंत्री हो। एक-एक व्यक्ति के प्रधानमंत्री हो। आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है। और जाते वक्त प्रधानमंत्री ने ये कहा कि सीएम से कहना मेरी जान से बच गई, धन्यवाद। इस बात का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्या प्रभाव होगा ये सोचा आपने।

## राज्य सरकार या शासकीय सेवक की लापरवाही से आम नागरिक को क्षति होती है तो राज्य नुकसानी के लिए प्रतिकर का दायी होगा जानिए/Legal General Knowledge.... I



■ लेखक
बी.आर.अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद)
9827737665

सरकार द्वारा आम नागरिकों के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जाती है,उनको लागू करवाने से लेकर आम जनता तक लाभ पहुचाना सरकार की जिम्मेदारी होती है जो कार्यपालिका का प्रमुख कर्तव्य होता है अगर कोई आम नागरिक किसी शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त करता है एवं उसे सरकार या राज्य के सेवक द्वारा लापरवाही के कारण क्षति होती है तब राज्य आम नागरिकों के लिए प्रतिकर का दायी होगा जानिए सुप्रीम का महत्वपूर्ण जजमेंट। लखनऊ विकास प्राधिकारी बनाम ए. के. गुप्ता? उक्त मामले में उच्चतम न्यायधीशों ने यह अभिनिर्धारित किया कि यदि राज्य द्वारा या उसके सेवको द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करने से किसी आम नागरिक को कोई हानि पहुँचती है तो राज्य स्वयं उस नुकसानी देने के लिए दायी होगा। लोक प्राधिकारीगण जो संविधान या किसी अधिनियमित के नियमों का उल्लंघन करते हुए कोई अन्यायपूर्ण कार्य करते है तो वे ऐसे आचरण के लिए कानून द्वारा सृजित प्राधिकारी जैसे आयोग या न्यायालय के प्रति जो विधि शासन को बनाये रखने के लिए उत्तरदायी है उसके उत्तरदायी होते हैं। ऐसे मामले में राज्य के दायित्व के निर्धारण करने के लिए यह देखना आवश्यक नहीं है कि सम्प्रभु कार्य तथा व्यापारिक कार्य में क्या अंतर है। न्यायालय ने कहा कि हमारे संविधान में संप्रभुता जनता में निहित है।

**अत:** शासन तंत्र के हर अंग को लोकोन्मुख होकर अपना कार्य करना चाहिए।उन्हें उसी सीमा तक विमुक्ति प्राप्त है जितना कि कानून में विहित हैं।

## अधीक्षक जयराम सिंह हुए सेवानिवृत्त छात्रों ने किया सम्मान





**भोपाल।** शासकीय अम्बेडकर छात्रावास के आकांछा छात्रावास से अधीक्षक श्री जय राम सिंह सेवानिवृत्त हुए, इस उपलक्ष्य में छत्रों के माध्यम से स्वागत सम्मान किया गया, जयराम सिंह शासकीय छात्रावास में अपनी सेवाएं देते रहे सभी छात्रों ने उनके कुशल कार्य के लिए बधाइयां दी एव उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की , सिंह ने भबुक हुते हुए भारी आंखों से सभी बच्चों को अशशी बचन देते हुए कहा की जब भी तुम्हे मेरे आवश्यकता पड़ेगी तुम्हारे साथ आधीरात में खड़ा हूँ , और भारी आंखों से अपनी वाणी को समाप्त किया उनको वधाई देने पहुँचे सुदेश बोबडे अधीक्षक शासकीय सामूहिक बालक छात्रावास,जे पी सोलंकी सर शासकीय अम्बेडकर छात्रावास। छात्रावास अध्यक्ष सूरज ठाकुर हॉस्टल के वरिष्ठ सिनियर गीतेश मरकाम , शुभम ठाकुर सीतराम मंडलोई जीवन टेकाम दुर्गेश उइके, आकाश धुर्वे प्रवीण उइके आशीष धुर्वे एव समस्त छात्रावास परिवार।

## NEET Counselling जल्द होगी शुरू, सुप्रीम कोर्ट ने OBC और EWS आरक्षण पर सुनाया यह अहम फैसला

**नई दिल्ली।** नीट पीजी काउंसलिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुना दिया. कोर्ट ने इस सत्र में स्नातकोत्तर मेडिकल एडमिशन में EWS और OBC को मिल रहे आरक्षण कोटे को बरकरार रखा है. फैसला



सुनाते हुए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि कोर्ट ने वर्तमान में OBC को मिल रहे 27 फीसदी और EWS के 10 फीसदी कोटे को बरकरार रखा है, ताकि इस अकादमिक सत्र के दाखिलों में परेशानी न आए. हालांकि कोर्ट ने कहा कि EWS के लिए 8 लाख रुपये की आय सीमा संबंधी मानदंड को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मार्च को सुनवाई होगी. NEET के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों में से MBBS में 15 प्रतिशत सीटें और MS और MD पाठ्यक्रमों में 50 फीसदी सीटें ऑल इंडिया कोटे के माध्यम से भरी जाती हैं।

## गाय से लेकर आवारा या पालतू कुत्तों, से करुरता का व्यवहार करना किस विधि के अंतर्गत अपराध होगा जानिए/Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960... I


पशु करुरता निवारण अधिनियम,1960 के अंतर्गत पशु शब्द से अर्थ होता है, मानव प्राणी को छोड़कर किसी भी जीवधारी प्राणी हैं, लेकिन वनों में रहने वाले पशुओं और जानवरों पर यह अधिनियम प्रभावी नहीं होगा। इस धारा के अंतर्गत आने वाले पशु निम्न हैं:- पालतू एवं आवारा पशुओं से जैसे- गाय, बैल, भैस, बोदा, बकरिया, कुत्ते, बिल्ली,घोड़ा, एवं सर्कस के जानवर (इसमे चिता, शेर,वाघ, हाथी आदि वन्य जानवर भी हो सकते हैं) आदि आते हैं।

### इस अधिनियम की धारा -

3 के अनुसार पशुओं को रखने वाले व्यक्ति का कर्तव्य होगा कि वह पशुओं की भलाई सुनिश्चित करने हेतु किसी भी पशु को अनावश्यक कष्ट या यातना को निवारण करने हेतु युक्तियुक्त उपाय करें।

**पशु क्रूरता निवारण अधिनियम,1960 की धारा 11 की परिभाषा-?**

### यदि कोई व्यक्ति या पशु मालिक -



किसी भी प्रकार के पशुओं को लाठी मरता है, कुचलता(लात मरता) हैं,ज्यादा बोझ लादता हैं, यातनाएं देता है, गलत व्यवहार करता है, कष्ट देता है या मालिक होकर किसी व्यक्ति से अर्थात चरवाहे को उपर्युक्त यातनाओ की अनुमति देता है तब पशु क्रूरता का अपराधी होगा। अगर कोई पशु का मालिक स्वयं के पशु को आवारा छोड़ देता है या उसका इलाज नहीं करवाता है या उसे भूखा-प्यासा रखता है या बीमार होने पर उसे भगा देता है या पागल होने पर कुत्ते जैसे जानवरों को मरवा देता है तब ऐसा व्यक्ति पशु क्रूरता के अपराध का दोषी होगा।
अगर कोई व्यक्ति भटकते कुत्तों अर्थात आवारा कुत्तों सहित किसी पशु को जहर का इंजेक्शन देगा या क्रूर तरिके से उसे मरेगा या जान से मार डालेगा तब वह व्यक्ति अधिनियम की धारा-11 के अनुसार अपराध करेगा। अगर कोई व्यक्ति दुधारू पशु को किसी सत्व के इंजेक्शन सहित कोई अन्य क्रिया स्तन में दुग्ध संचय में वृद्धि हेतु करता है जो पशु के लिए हानिकारक हो वह अपराध होगा। अगर किसी पशुओं को मनोरंजन के लिए रखता है एवं उसके साथ क्रुरता का व्यवहार करता है या प्रतियोगिता में भाग लेते समय उससे क्रुरता करता है अर्थात पशु को उकसाता हैं तब यह अपराध होगा।

**पशु क्रूरता निवारण अधिनियम,1960,की धारा 31 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-?**

यह सभी अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होते हैं, इनकी सुनवाई कोई भी मजिस्ट्रेट कर सकता है। सजा- इन अपराधों में कम से कम दस रुपए से लेकर 2 हजार रुपये तक का जुर्माना या अधिकतम 3 वर्ष की कारावास या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति चौहान (महिला सामाजिक कार्यकर्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)।**

# आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया






**होशंगाबाद।** गुरुवार को शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय होशंगाबाद में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव 2021-22. का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में वादन परकुशन, नानपरकुशन, समूह नृत्य एवं एकल शास्त्री नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

मां सरस्वती के पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश होशंगाबाद तैराकी संघ के अध्यक्ष श्री पीयूष शर्मा, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका पार्षद श्री तेज कुमार गौर, प्रतिभा बैंक के सदस्य, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी के प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप मेहरा एवं युवा उत्सव प्रभारी जिला समन्वयक डॉ. संध्या राय ने अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र- छात्राओं का शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है जिससे विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने में सहायता मिलती है। नृत्य कला के माध्यम से विद्यार्थियों में देश की संस्कृति एवं लोक गीतों के प्रति जागरूकता लायी जाती है। इस अवसर पर जिले के सभी महाविद्यालय से आए प्रतिभागियों एवं दल प्रभारियों को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। युवा उत्सव की जिला समन्वयक डॉ. संध्या राय ने बताया कि नृत्य हमारी संस्कृति की पहचान एवं उत्साह बिखेरने का साधन है, नृत्य सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करता है, नृत्य कला हमारी संस्कृति की विरासत को संरक्षित करती है, विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र की कला व संस्कृति को पहचाने एवं उसे संरक्षित करने के लिए इसी तरह नृत्य कलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का प्रयत्न करना चाहिए। मुख्य अतिथि श्री पीयूष शर्मा ने विद्यार्थियों को युवा उत्सव की शुभकामना देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया एवं कहा कि यह कार्यक्रम भविष्य में आपके व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा। महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव में सर्वप्रथम समूह नृत्य प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले से 6 महाविद्यालय जिसमें शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी, शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया, शासकीय कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय सुखतवा, शासकीय कन्या महाविद्यालय पिपरिया एवं शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय होशंगाबाद नें अपनी प्रस्तुति दी। एकल नृत्य के अंतर्गत जिले के 6 महाविद्यालय जिसमें एन.ई.एस. महाविद्यालय होशंगाबाद, शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया, शासकीय कन्या वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय सुखतवा, शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा, शासकीय कन्या महाविद्यालय पिपरिया, शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद नें अपनी प्रस्तुति दी। एकल नृत्य शास्त्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. श्रुति पटवा शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद, द्वितीय स्थान कु. दिव्या अहिरवार एन.ई.एस. महाविद्यालय होशंगाबाद एवं तृतीय स्थान कु. अनिशा नागले शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया ने प्राप्त किया। लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद, द्वितीय स्थान शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी, तृतीय स्थान शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया ने प्राप्त किया। परकुशन वादन में प्रथम स्थान उत्कर्ष तिवारी शासकीय नर्मदा महाविद्यालय होशंगाबाद, द्वितीय कु. शिवानी मर्सकोले शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद ने प्राप्त किया। नान परकुशन वादन में प्रथम स्थान उदित नारायण तिवारी पंडित रामलाल शर्मा महाविद्यालय होशंगाबाद, द्वितीय स्थान ऋतिक मालवीय शासकीय नर्मदा महाविद्यालय होशंगाबाद, तृतीय स्थान कु. मनीषा व्यास शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। प्रतियोगिता में श्री ओ.पी.शर्मा, श्री कमल झा, सुश्री रागिनी तरड़े एवं सुश्री प्रिया तिवारी में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. श्रुति गोखले ने किया एवं आभार डॉ. संगीता अहिरवार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन परिवार एवं बडी संख्या में छात्राऍं उपस्थित रहीं।

## ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्रों के जिलेवार लक्ष्य जारी किये गए




**रामेश्वर नरवरिया/रायसेन।** वर्ष 2021-22 हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर निम्नलिखित कृषि यंत्रों के जिलेवार लक्ष्य जारी किये जा रहे है। कृषक दिनांक 30 दिसंबर 2021 दोपहर 12 बजे से 09 जनवरी 2022 तक पोर्टल पर अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध लॉटरी दिनांक 10 जनवरी 2022 को सम्पादित की जायेगी। लॉटरी में चयनित कृषकों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची दोपहर 03 बजे पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।


### आवेदन हेतु उपलब्ध यंत्र -

1. स्ट्रॉ रीपर ( कृषक वर्ग सामान्य,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु)
2. रिवर्सिबल प्लाऊ/मेकेनिकल/हाइड्रोलिक (केवल कृषक वर्ग अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु) उपरोक्त समस्त यंत्रों पर धरोहर राशि रू. 5000 /- की अनिवार्यता होगी।

**नोट:** जिले के सहायक कृषि यंत्री कार्यालय की सूची (देखने हेतु क्लिक करें)।

3 जनवरी 1831 को जन्मी सावित्री देवी फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका,

## आज के युवाओं में साबित्री देवी फुले जी के बलिदान को समाजिक क्रांति के प्रतिक चिन्ह के रूप मे याद कर रहे है




**महाराष्ट्र** प्रदेश के सतारा जिले के नयागांव में एक दलित परिवार में 03 जनवरी 1831 को जन्मी सावित्री देवी फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका है। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीदेवी है। सावित्रीदेवी फुले शिक्षक होने के साथ साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली महिला नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी रही हैं। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। आजादी के पहले तक भारत में महिलाओं की गिनती दोयम दर्जे में होती थी। आज की तरह उन्हें शिक्षा का अधिकार नहीं था। वहीं अगर बात 18वीं सदी की करें तो उस समय महिलाओं का स्कूल जाना भी पाप समझा जाता था। ऐसे समय में सावित्री देवी फुले ने जो कर दिखाया वह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। वह जब स्कूल पढ़ने जाती थीं तो लोग उन पर पत्थर फेंकते थे। उनके ऊपर जानबूझकर गोबर फेंक दिया जाता था। इस सब के बावजूद वह अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकीं और लड़कियों व महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाया। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री देवी ने अपने पति समाजसेवी महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी। सावित्री देवी का विवाह महज नौ साल की उम्र में वर्ष 1940 में ज्योतिराव फुले से हो गया। शादी के बाद वह जल्द ही अपने पति के साथ पुणे आ गईं। विवाह के समय वह पढ़ी-लिखी नहीं थीं। लेकिन पढ़ाई में उनका मन बहुत लगता था। उनके पढ़ने और सीखने की लगन से प्रभावित होकर उनके पति ने उन्हें आगे पढ़ना और लिखना सिखाया। सावित्री देवी ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक बनने का प्रशिक्षण लिया और एक योग्य शिक्षिका बनीं। सावित्री देवी ने 03 जनवरी 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ महिलाओं के लिए पहले स्कूल की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्री देवी और महात्मा फुले पांच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए। तत्कालीन सरकार ने इन्हे सम्मानित भी किया। एक महिला प्रिंसिपल के लिये उस समय में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा, इसकी कल्पना शायद आज भी नहीं की जा सकती। लड़कियों की शिक्षा पर उस समय सामाजिक पाबंदी भी थी। सावित्री देवी फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया। भारत में आजादी से पहले समाज के अंदर छुआ-छूत, सतीप्रथा, बाल-विवाह और विधवा-विवाह जैसी कुरीतियां व्याप्त थी। सावित्री देवी फुले का जीवन बेहद ही मुश्किलों भरा रहा। महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने, छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उन्हें एक बड़े वर्ग द्वारा विरोध भी झेलना पड़ा। वह स्कूल जाती थीं, तो उनके विरोधी उन्हें पत्थर मारते और उनपर गंदगी फेंकते थे। सावित्री देवी एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुंच कर गंदी साड़ी बदल लेती थीं। आज से एक सदी पहले जब लड़कियों की शिक्षा एक अभिशाप मानी जाती थी उस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोल पूरे देश में एक नई पहल की शुरुआत की। समाज में महिलाओं को हक दिलाना उनका लक्ष्य था। देश में विधवाओं की दुर्दशा भी सावित्री देवी को बहुत दुख पहुंचाती थी। इसलिए 1854 में उन्होंने विधवाओं के लिए एक आश्रय खोला। वर्षों के निरंतर सुधार के बाद 1864 में इसे एक बड़े आश्रय में बदलने में सफल रहीं। उनके इस आश्रय गृह में निराश्रित महिलाओं, विधवाओं और उन बाल बहुओं को जगह मिलने लगी जिनको उनके परिवार वालों ने छोड़ दिया था। सावित्री देवी उन सभी को पढ़ाती लिखाती थीं। उन्होंने इस संस्था में आश्रित एक विधवा के बेटे यशवंतराव को भी गोद लिया था। उस समय आम गांवों में कुंए पर पानी लेने के लिए दलितों और नीच जाति के लोगों का जाना वर्जित था। यह बात उन्हें और उनके पति को बहुत परेशान करती थी। इसलिए उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर एक कुआं खोदा ताकि वह लोग भी आसानी से पानी ले सकें। उनके इस कदम का उस समय खूब विरोध भी हुआ।

### अपने पति का किया अंतिम संस्कार, खुद का प्लेग से निधन

सावित्री देवी के पति ज्योतिराव का निधन 1890 में हो गया। उस समय उन्?होंने सभी सामाजिक मानदंडों को पीछे छोड़ते हुए अपने पति का अंतिम संस्कार स्वयं किया और उनकी चिता को अग्नि दी। इसके करीब सात साल बाद जब 1897 में पूरे महाराष्ट्र में प्लेग की बीमारी फैल गई तो वे खुद प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद करने निकल पड़ी, इस दौरान वे खुद भी प्लेग की शिकार हो गई और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। ऐसी देवी को कोटि कोटि नमन।

कलमकार

अतरसिंह भारतीय, उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश
अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन,भारत

## संत रविदास गुरुद्वारा में मनाई गई सावित्री देवी जयंती





**रायसेन /उदयपुरा।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारक एवं भारतीय महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वार खोलने वाले ज्ञान पुंज ज्योतिराव फुले जी की पत्नी सावित्री देवी की जयंती समारोह ग्राम गुप्ति हमीरपुर तहसील सिलवानी जिला रायसेन मप्र में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज गुरुद्वारा में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जयंती का शुभारंभ सदगुरु रविदास जी महाराज की आरती से संत मोहनदास महाराज के मुखारविंद से करते हुए सामाजिक, धार्मिक, गुरुप्रेमी बंधुओं, मातृशक्ति, बच्चों एवं सर्व साधारण की विशाल मौजूदगी में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज गुरुद्वारा प्रबंधन समिति गुप्ति (हमीरपुर) के तत्वाधान में 03 जनवरी 2022 दिन सोमवार को रखा गया। कार्यक्रम में कुंडाली, बम्होरी, चिचौली, सिलवानी, हतोडा, चिंगवाडा, अर्जनि, गजंदा, सिंहपुरी, कैलकच्छ आदि के अलावा क्षेत्र के कई गांवों से सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शाम को अटूट लंगर और रात्रि जागरण में बहुजन महापुरुषों के कीर्तन और विचार संगोष्ठी का संगीतमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन, भारत की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अतर सिंह भारतीय की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। श्री भारतीय ने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि गुरुद्वारा निर्माण में सभी लोगों को तन मन धन और समय दान करके सहयोग करना चाहिए। जिससे कि माता सावित्री देवी और संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज सहित बहुजन महापुरुषों की मनावतावादी विचारधारा जन - जन तक पहुंच सके। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष महोदय ने अमृतवाणी से अरदास वाचन करते हुए आभार प्रकट कर आयोजन संपन्न कराया।

# जिले में अभी 06 एक्टिव केस, कलेक्टर ने कोविड सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की

## कोरोना की तीसरी लहर से सुरक्षा के लिए मास्क पहनने के प्रति लोगों को जागरूक करने अभियान शुरू, 8 जनवरी से होगी चालानी कार्यवाही

**कोरिया।** कोविड 19 की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा के लिए कलेक्टर श्री श्याम धावड़े के निर्देश अनुसार जिले में लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग, हैण्डवाश और सेनिटाईजेशन के लिए जागरूक करने जिला प्रशासन द्वारा अभियान शुरू किया गया है।



नगर पंचायत नई लेदरी में बिना मास्क लगाये घूमने वाले व्यक्तियों को सीएमओ और उनकी टीम द्वारा मास्क पहनने और कोविड-19 के सुरक्षा नियमों का पालन किए जाने के प्रति जागरूक किया गया। इसी तरह विकासखण्ड भरतपुर में भी कलेक्टर के निर्देश अनुसार राजस्व टीम द्वारा जनकपुर में आम नागरिक, व्यापारी, दूरस्थ अंचल से आने वाले ग्रामीणज़न को मास्क नियमित रूप से लगाने, ग्राहक, इष्ट मित्र एवं सगे संबंधियों को प्रेरित करने, तथा 2 गज की दूरी एवं कोविड प्रोटोकोल का पालन करने हेतु भ्रमण कर समझाया गया। यह जागरूकता अभियान 01 जनवरी से 07 जनवरी तक चलाया जायेगा। 08 जनवरी से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनने वालों पर चालानी कार्यवाही शुरू की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री धावड़े ने गत दिवस हुई समीक्षा बैठक में सभी विकासखण्डों में प्रशासनिक अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय करते हुए कोविड अनुरूप व्यवहार के लिए लोगों को जागरूक करने निर्देशित किया गया। जिले में अभी 06 एक्टिव केस, कलेक्टर ने कोविड सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की जिले में वर्तमान में 06 एक्टिव केस हैं। आज की स्थिति में कुल 332 सैंपल कलेक्शन किया गया जिसमें कुल 03 एक्टिव केस की पहचान की गई है। कलेक्टर श्री धावड़े के निर्देश पर जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कंट्रोल रूम को फिर एक्टिव कर दिया गया है। कोविड-19 संक्रमित मरीजों के होम आईसोलेशन एवं निःशुल्क परामर्श प्रदाय करने हेतु जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय कंट्रोलरूम नंबर 7974925677 पर संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर श्री धावड़े ने सभी नागरिकों से कोरोना प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के संक्रमण से तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क जरूर पहनने, हाथों को बार-बार धोते रहने, सैनिटाइज करते रहने और सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने अपील की है कि जिन नागरिकों ने अभी तक अपना टीकाकरण नहीं करवाया है, वे टीकाकरण जरूर करवाएं। सावधानी, जागरूकता और नियमों के पालन से ही कोविड के खतरनाक तीसरी लहर में संक्रमण से सुरक्षा संभव है।

# विधायक गुलाब कमरो ने रायपुर पहुचते ही क्षेत्र को दी 50 लाख की सौगात

■ रायपुर राजधानी पहुँचते ही 2022 में विकास का हुआ आगाज,विभिन्न समाजों को सामाजिक भवन की मिली सौगात



**युवा प्रदेश नेटवर्क/कोरिया।** सभी समाज के लोगो की आम तौर पर यह इच्छा रहती है कि उनके समाज का एक भवन हो जिसमें सामाजिक बैठक सामाजिक गतिविधि समेत संस्कारिक कार्य शादी विवाह के साथ साथ दूर दराज से आये सामाजिक व्यक्तियों के रुकने का एक स्थायी जगह भी होता है ।और विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा इस सबन्ध में पिछली सरकार के कार्यकाल से लगातार मांग की जा रही थी लेकिन कभी भी उनकी मांगों पर कोई अमल नही हुआ। सोनहत विकासखण्ड में पिछली सरकार के कार्यकाल में खुद तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के द्वारा चेरवा समाज के भवन की घोषणा गंगीरानी परिसर में कई गई लेकिन आज तक भवन नही बन सका। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों और पदाधिकारियों के द्वारा इस सबन्ध में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन भुपेश बघेल व विधायक गुलाब कमरो से लगातार मांग की जा रही थी। जिसे विधायक गुलाब कमरो ने पूरा कराया है

### नए साल में यहां इस समाज को मिली भवन की सौगात

2021 का साल भरतपुर सोनहत विधानसभा के लिए ऐतिहासिक रहा विधायक गुलाब कमरो ने क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात दी, वही नया साल लगते है फिर से सौगातों का दौर शुरू हो गया है विधायक गुलाब कमरो ने नए साल में विभिन्न सामाजिक भवनों के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दिलाई है मिली जानकारी अनुसार विधायक गुलाब कमरो की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न सामाजिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की

**जिसमे ग्राम पंचायत बड़गांवकला (भरतपुर)-चेरवा समाज भवन निर्माण** -10 लाख,ग्राम पंचायत कोटाडोल (भरतपुर)-यादव समाज भवन निर्माण-10 लाख,ग्राम पंचायत चैनपुर (मनेन्द्रगढ़)-कुर्मी समाज भवन निर्माण- 10 लाख,ग्राम पंचायत उग़ांव (सोनहत)-चेरवा समाज भवन निर्माण-10 लाख,ग्राम पंचायत बोड़ार (सोनहत)-रजवार समाज भवन निर्माण-10 लाख की स्वीकृति मिली है

### पूर्व में भी इन समाजो को मिली है भवन की सौगात

पूर्व में भी विधायक गुलाब कमरो के द्वारा समाज को भवन की सौगात दी गई थी जिसमे जिसमे ग्राम पंचायत डोमनापारा मनेन्द्रगढ़-गोंड समाज भवन निर्माण -10 लाख,ग्राम पंचायत सोनहत-चेरवा समाज भवन निर्माण-10 लाख,छिंदडाँड़ बैकुण्ठपुर-साहू समाज भवन निर्माण- 15 लाख,ग्राम खाड़ा बैकुण्ठपुर-उरांव समाज भवन निर्माण-5 लाख,प्रेमाबाग बैकुण्ठपुर-ब्राम्हण समाज भवन निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत, जनकपुर-भरतपुर-बैगा समाज भवन निर्माण-10 लाख,नगर पंचायत खोंगापानी-कोल समाज भवन निर्माण-5 लाख,बैकुण्ठपुर जायसवाल समाज भवन निर्माण-15 लाख।

### सभी समाजो में हर्ष का माहौल

भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर सभी समाजो के पदाधिकारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक गुलाब कमरो को धन्यवाद ज्ञापित किया है ,अलग अलग समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाजो के हित मे यह भवन मील का पत्थर साबित होगा आज तक किसी भी मुख्यमंत्री व विधायक ने इस ओर ध्यान नही दिया लेकिन विधायक गुलाब कमरो को वाकई हर वर्ग की चिंता है ये आज परिलक्षित हो गया और विधायक गुलाब कमरो का यह प्रयास सभी सामाज और जिले वासियो के लिए गर्व की बात है।

# अवैध धान से लदा तीन ट्रैक्टर लगभग 314 बोरी धान पकड़ाया

**युवा प्रदेश नेटवर्क/कोरिया।** मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिले से 314 बोरी धान को अवैध रूप से ट्रेक्टर ट्राली में रखकर छत्तीसगढ़ के भरतपुर ब्लाक में खपाने के लिए लाने पर कुंवारपुर चौकी प्रभारी ने धान सहित तीन ट्रेक्टर ट्राली को पकड़कर अनुविभागीय अधिकारी भरतपुर को सूचित कर जब्त किया। विदित हो कि कोरिया जिले का दूरस्थ विकास खंड भरतपुर सीमावर्ती क्षेत्र है तथा मध्यप्रदेश का सीधी, शहडोल जिला से लगा हुआ है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने के बाद बिचौलिए भी सक्रिय हो गए पड़ोसी राज्य से कम कीमत पर धान की खरीदी कर यहां समितियों में ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे मुखबिर की सूचना पर



अनुविभागीय अधिकारी भरतपुर के निर्देश पर कुंवारपुर चौकी प्रभारी ने टीम गठित कर अवैध धान से लदा तीन ट्रैक्टर लगभग 314 बोरी पकड़ा , मध्य प्रदेश से धान लाकर छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से खपाने पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश पर पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन सतर्क होकर लगातार भ्रमण कर रही है, इस संपूर्ण कार्यवाही में कुवारपुर चौकी प्रभारी चित्र बहोर यादव आरक्षक, विनीत सिंह ,सूर्यपाल ,धर्मपाल , शंभू सिंह, पटवारी दीपेंद्र पाल, सहित सतेंद्र, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मकर संक्रांति पर्व के नजदीक आते ही गुड़ और तिल की बढ़ने लगी मांग

**नर्मदापुरम (होशंगाबाद)।** देश के अनेक क्षेत्रों की तरह नर्मदांचल में भी मकर संक्रांति का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जाता है। गुड़ और तिल के प्रमुख त्योहार मकर संक्रांति को अभी आठ दिन शेष हैं। 15 जनवरी को संक्रांति मनेगी। उससे पूर्व ही तिल और गुड़ की मांग तेज हो गई है। बाजार में किराना कारोबारियों के यहां से प्रतिदिन गुड़ और तिल की बिक्री में इजाफा हो रहा है। बढ़ती मांग के साथ ही दाम में उछाल आता जा रहा है। एक महिने पूर्व गुड़ के भाव 36 से 40 के बीच थे। जो अब 40 से 50 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। वहीं जो तिल बीते वर्ष 110 रुपये किलो के भाव थी वही इस वर्ष अभी 160 से 170 और धुली हुई तिल 175 से 180 रुपये के भाव हो चुकी है। मकर संक्रांति पर्व नजदीक आते ही बाजार में तिलकुट तथा तिल और गुड़ के आयटम आने शुरू हो गए हैं। पर्व को लेकर बाजार भी सजने लगे हैं।



## अहिरवार समाज संघ के तत्वावधान में पिपरिया मंगलवार चौराहा पर राष्ट्रीय प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई

पिपरिया। फुले जी की जयंती मनाई गयी,जिस मे उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता माननीय ,करोड़ी लाल गोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ ,जिला उपाध्यक्ष श्री राधेश्याम दादा जी,नगर अध्यक्ष श्री राजू ठेकेदार, रामस्वरूप मांडले संभागीय सचिव नर्मदापुरम अहिरवार समाज संघ ,श्री हरीश बेमन, सियाराम ढाकरे,लाल जी अहिरवार,प्रदेश सह सचिव कमल सिंह,कमलेश अहिरवार ,श्री सुधा सिलावट जी, शशि रावत जी ,नीलम पचौरी जी नीरज सोनी जी ,सुमन जी ,श्री गोपाल जी गेंदालाल अहिरवार ,भागचंद अहिरवार ,एवं एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए गणमान्य महोदय एवं समस्त कार्यकर्ता ।जिसमें माता सावित्रीबाई फुले चित्र पर माल्यार्पण कर माता के जीवन परिचय और उनके कार्यों पर सभी वक्ताओं ने अपने अपने उद्बोधन प्रस्तुत- किए जिसमें समस्त नागरिकों के द्वारा एवं इस बात का निर्णय लिया गया कि पिपरिया की* सब्जी मंडी का नाम माता सावित्रीबाई फुले और गर्ल्स कॉलेज का नाम माता सावित्रीबाई फुले के नाम से रखा जाए, जिससे माता को हमेशा याद किया जाए और उनका नाम अमर हो जाए,और जन जन तक जानकारी हो कि माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को पढ़ने का अधिकार ,और समाज सुधार के अनेक कार्य किए, इस प्रकार जयंती सफलता पूर्वक मनाई गई , आभार व्यक्त श्री करोड़ी लाल ब्लॉक अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ ने किया।

# नपा. प्रभारी आशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्य बनाए जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था।उसी तारतम्य में अनूपपुर जिला मुख्यालय नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 एवं 6 में आज से कांग्रेस की सदस्यता अभियान का शुभारंभ जिला कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी आशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत की गई।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को के साथ ही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रेम कुमार



त्रिपाठी, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रमेश सिंह, कमलनाथ फोरम के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र स्वरूप दुबे, संतोष पांडे , महा सदस्यता अभियान के सह प्रभारी राम खेलावन राठौर,नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, सामतपुर के मंडलम अध्यक्ष राज भाई ,नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 6 में उपस्थित रामस्वरूप राठौर, रामाधार बैगा,रमेश राठौर,अनिल राठौर,आदित्य राठौर, बद्री राठौर,जाकिर हुसैन, संदीप गर्ग, महादेव राठौर रामशरण राठौर राहुल राठौर विजय राठौर मनोज राठौर राम जी राठौर कमलेश साहू अनीश सोनीअनीस सोनी, राजेश कुमार सोनकर राम कुमार राठौर धनपत प्रसाद राठौर अश्विनी कुमार राठौर बिसाहूलाल राठौर दुर्गेश राठौर युवराज राठौर सुरेश चौधरी महादेव राठौर,और रामशरण राठौर अन्य कार्यकर्ता की मौजूदगी में सदस्यता अभियान का शुभारंभ बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। प्रथम दिन सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। नगर पालिका कांग्रेस प्रभारी आशीष त्रिपाठी ने घर घर जाकर कांग्रेस की सदस्यता लोगों को ग्रहण कराई।

# सुल्तानपुर तहसील में यूरिया न मिलने से किसानों भाइयों में आक्रोश का माहौल





**रामेश्वर नरवरिया/ रायसेन (सुल्तानपुर)।** रायसेन जिले के सुल्तानपुर मैं यूरिया की किल्लत दूरदराज से आए किसानों को समय यूरिया ना मिलने के कारण किसान भाई काफी चिंतित हैं समय अनुसार बोनी हो चुकी है यूरिया ना मिलने के कारण किसान भाई यूरिया के लिए सुल्तानपुर के किसान समृद्धि केंद्र पर लेने के लिए सुबह 6: 00 बजे से नाइन मैं लगकर यूरिया लेते हैं लेते हैं चुरका कड़िया किसान भाई मुकेश मंडरे जी सुबह से ही यूरिया लेने के लिए लाइन में लगे हैं शाम को 4:30 बजे विजय प्राप्त किया विभागीय अधिकारी श्री आलोक जी कहना है कि सभी किसानों को यूरिया मिलेगा नेटवर्क प्रॉब्लम की वजह से समय लग रहा है जिन लोगों को टोकन प्राप्त हुए हैं सभी लोगों को यूरिया मिलेगा फिंगर प्रॉब्लम की वजह से समय लग रहा है पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है इसी को देखते हुए किसान भाइयों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है सुल्तानपुर के आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय घर जाने के लिए साधन उपलब्ध नहीं होता इसलिए किसान भाई चिंतित हैं।

### युवा नेता रमेश ने ली चुटकी, कहा आखिर कौन है जिम्मेदार?

# कांग्रेस नेताओं का आरोप सामु.स्वा.केंद्र से बीएमओ आय दिन रहते हैं गायब

**सोनहत।** सोनहत मुख्यालय में स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं का अभाव लगातार रहा है, यहां स्वास्थ्य विभाग लगातार अपने मनमानी रवैया को लेकर सुर्खियों में बना रहता है,इस मामले को लेकर पहले भी भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं ने पहले भी सवाल खड़ा किया है व समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी कि है, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है, जिम्मेदार लगातार मौन साधे हुए हैं। ताजा मामला सोनहत स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी के अपने डियूटी से प्रतिदिन नदारद होने की है,यह आरोप स्थानिय सताधारी दल के कांग्रेस नेताओं ने लगाया है उनका कहना है कि सोनहत बीएमओ का कार्य शैली बहुत खराब है,यह आरोप कांग्रेसियों ने सोनहत के एक वाट्सएप ग्रुप में लगाया है, जिसके बाद सोनहत के युवा नेता व भाजयुमो महामंत्री रमेश तिवारी ने अपने फेसबुक एकाउंट मे इस बात को लेकर चुटकी ली है,युवा नेता रमेश ने लिखा है कि सोनहत मे कांग्रेसी नेताओं का आरोप है कि सामु.स्वा.केंद्र सोनहत मे खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) आय दिन अपने ड्यूटी से नदारद रहते है,उनका कार्यशैली बहुत ज्यादा खराब है।सवाल यह है की इन सब का जिम्मेदार आखिर कौन है? जब



सताधारी दल के नेता अधिकारियों पर ऐसे आरोप लगाकर वाट्सएप मे ग्रुप ग्रुप खेलेंगे तो आम आदमी अपनी समस्या लेकर कहा जाएगा?तथा कौन करेगा समस्याओं का समाधान? यह बात इसलिए गंभीर है क्योंकि वर्तमान में प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार है और स्थानीय विधायक कांग्रेस से ही है, तथा मंत्री, सासंद,सभी इसी दल के है, बावजूद इसके कांग्रेस के नेताओ को ब्लॉक के अंदर सुविधाओं को दुरुस्त करवाने नाक रगड़ना पड़ रहा।आखिर क्यों?क्या यही वक्त है बदलाव का?

# वन परिक्षेत्र मनेंद्रगढ़ का रतौरा में 5 माह पूर्व कराया गया वृक्षारोपण पूर्णता सुरक्षित, रेंजर हीरालाल सेन



**कोरिया।** जिला के अंतर्गत आने वाला वन परीक्षेत्र मनेंद्रगढ़ रेंजर हीरालल सेन के द्वारा कराए गए कार्यो को लेकर खबर आईना न्यूज़ टीम सप्ताह भर से ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहे है खबर आईना न्यूज़ के लिए कमरुन निशा की न्यूज़ देखिए और पूरी पढ़िए न्यूज़ क्योंकि हम करते हैं न्यूजो का खुलासा आपको बता दें कि वन परीक्षेत्र मनेंद्रगढ़ के वन परीक्षेत्र अधिकारी के द्वारा कराए गए कार्यो को लेकर कई प्रकार से सवालिया निशान उठ रहे हैं जिसको लेकर खबर आईना न्यूज़ सप्ताह भर से ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहे है और मनेंद्रगढ़ वन परिक्षेत्र में कराए गए समस्त कार्यो को पूरी सच्चाई और धरातल पर हुए पूरे कार्यो को निष्पक्षता के साथ दिखा रहे है क्योंकि हम न्यूज़ का करते हैं खुलासा गौरतलब हो कि वन परिक्षेत्र मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत आने वाला रतौरा मे कराया गया वृक्षारोपण पूरी तरह से सुरक्षित और उन्नतशील किस्म से विकसित हो रहा है कुछ मीडिया में चल रही परिक्षेत्र के न्यू जो को लेकर हमने ग्राउंड रिपोर्टिंग करना शुरू किया जिसमें वन परीक्षेत्र मनेंद्रगढ़ के द्वारा कराए गए सभी कार्य गुणवत्ताशील होने के साथ-साथ पूरी तरह से सुरक्षित है,,, खाली अफवाह फैलाया गया।

# हिंदी रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत

कवि संगम त्रिपाठी

**जबलपुर।** प्रेरणा हिंदी रथयात्रा दिनांक 08.01.2022 को मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से प्रारंभ हो रही है। जबलपुर से दिल्ली के बीच इस ऐतिहासिक अमृत महोत्सव में आयोजित प्रेरणा हिंदी रथयात्रा के स्वागत की तैयारी चल रही है। इस ऐतिहासिक कड़ी में दमोह में कवि शिक्षाविद श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय जी, पथरिया में हिंदी कवि श्री विशाल लोधी जी,सागर मकरोनिया में वरिष्ठ कवि वृंदावन राय जी, ललितपुर में कवि हिंदी प्रेमी श्री पंकज पंडित जी व कवि श्री पंकज अंगार जी, झांसी में कवि हिंदी प्रेमी श्री सुखदेव व्यास जी, दतिया में कवि साहित्यकार श्री विनोद मिश्रा जी, ग्वालियर में कवियित्री माला श्रीवास्तव जी, मुरैना में कवि हिंदी विद्वान डॉ लाल सिंह किरार जी, आगरा में कवि शिक्षाविद भगवान सहाय जी, मथुरा में कवि हिंदी मनीषी सुखवीर चौधरी जी व दिल्ली राजघाट पर विश्व हिंदी दिवस के सुअवसर पर हिंदी मनीषी कवि साहित्यकार अटल बिहारी वाजपेई सेवा संस्थान के अध्यक्ष सिविल सेवा के गुरु श्री धर्म प्रकाश बाजपेई जी की अध्यक्षता में प्रेरणा हिंदी रथयात्रा का स्वागत कार्यक्रम आयोजित है। इस ऐतिहासिक अमृत महोत्सव में आयोजित प्रेरणा हिंदी रथयात्रा को आशीर्वाद देने हेतु साहित्यिक सांस्कृतिक सामाजिक कार्यकर्ता कवि-साहित्यकार , पत्रकार मनीषियों व बुद्धिजीवियों से अपील है कि आप हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय यज्ञ में अमूल्य योगदान प्रदान कर इस पुनीत कार्य के साक्षी बने।

## कविता



विकास सभरवाल

जब मैं मर जाऊंगा ,  
तो चांद रो लेगा ,  
सूरज रो लेगा ,  
मगर तुम मत रोना ।  
क्यूंकि तुम्हारा रोना  
मुझसे बर्दास्त नहीं होगा  
मुझे मजबूर करेगा उठने को  
और मैं उठ भी नहीं सकूंगा ।  
दुनिया की रीत है मरने के बाद कोई वापस नहीं आता ।  
और एक बार रीत तोड़ कर तुम्हें प्यार करके,  
मैं पहले ही मर चुका हूं ।  
दोबारा मरना नहीं चाहता ।  
बोहोत दर्द होता है अजनबियों से पिट पिट कर मरने में ।  
तुम बस याद कर लेना  
की एक साथ मन्दिर जाया करते थे ,  
मस्जिद से आया करते थे ।  
कभी कभी सिर पर चुन्नी लेकर तुम मेरे साथ गई थी ,  
कभी कभी मैंने सर पर रूमाल बांधा था ।  
सुनो अब तुम बिल्कुल भी मत रोना ।  
और सुनो शादी ज़रूर करना ,  
जिससे भी तुम्हारे पापा कहें उसी से करना ।  
मैं बिल्कुल भी तुम्हें उसी कमरे में जान देते हुए नहीं देख सकता जहां हमने जन्म जन्मांतर के वादे किए थे जीवित रहने के ।  
तुम सिर्फ जीवित रह कर वादे को जिंदा रखना ।  
कभी कभी जीने से ज्यादा जरूरी जिंदा हूं ये दिखाना होता है ।  
सुनो ना तुम कभी भी मत रोना ।।

# मप्र युवा कांग्रेस का आरोप, एक लाख से ज्यादा पद रिक्त, भर्ती नहीं कर रही सरकार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विभिन्न् विभागों में एक लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं पर सरकार भर्ती नहीं कर रही है। एक साल से बैकलाग पदों की भर्ती की घोषणा की जा रही है पर अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। इससे बेरोजगार युवाओं की आयु भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा से अधिक हो चुकी है। प्रदेश युवा कांग्रेस ने सरकार से अधिकतम आयु सीमा में वृद्धि करने और भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को प्रदेश युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि सरकार बेरोजगारी दर कम होने का दावा कर रही है पर हकीकत यह है कि पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या ही 35 लाख है। दो साल से कोई भर्ती नहीं हुई है और अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। दो साल में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड तीन परीक्षाएं निरस्त कर चुका है। बेरोजगार की स्थिति यह है कि भृत्य और ड्रायवर की भर्ती के लिए हजारों आवेदन आ रहे हैं।

# रायसेन जिले में गुरुवार रात में झमाझम बारिश हुई, किसान हुए उत्साहित






**रायसेन।** जिले में गुरुवार की रात से ही झमाझम बारिश हो रही है उत्तर भारत शीतलहर के कारण मध्य भारत में मानसून बना है जिसके कारण बारिश हो रही है बारिश से किशन भाई की फसल के लिए काफी फायदेमंद है क्योंकि इस समय किसान भाई अपनी फसल को पानी देते हैं बारिश होने के कारण किसान भाइयों को असल में पानी लगाने की आवश्यकता नहीं है बारिश होने से किसान उत्साहित हैं।

# मध्य प्रदेश में 20 साल बाद नियुक्त होंगे सहकारी समितियों में प्रबंधक

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सहकारिता के माध्यम से विकास की अवधारणा को मध्य प्रदेश में क्रियान्वित करने के लिए अब प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को मजबूत बनाया जाएगा। इसके लिए करीब बीस साल बाद समितियों में प्रबंधक की नियुक्ति होगी। इसके लिए इस पद को फिर से बनाया गया है।

दरअसल, 2007-08 में वैद्यनाथन पैकेज को लागू करने के लिए इस पद को समाप्त कर दिया गया था, लेकिन इससे पूरी व्यवस्था प्रभावित हो गई। प्रदेश में पांच हजार सात समिति प्रबंधक के पद हैं। इनमें 795 नियमित तौर पर काम कर रहे हैं। शेष पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। तीन हजार चार पद विभागीय अधिकारियों से भरे जाएंगे तो एक हजार 208 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति होगी। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं, धान या अन्य उपज खरीदनी हो, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न् वितरण करना हो या फिर किसानों को रबी और खरीफ फसलों के लिए अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराना हो, सरकार सहकारी समितियों पर ही निर्भर है। समितियों के ऊपर काम का बोझ तो बढ़ता जा रहा है पर न तो सेल्समैन की नियुक्ति हो पा रही है और न ही अन्य पदों पर नियमित अधिकारी पदस्थ हैं। सहायक समिति प्रबंधक को समिति प्रबंधक का प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 में भर्ती हुई थी। इसके बाद से रिक्त पदों का प्रभार सहायक समिति प्रबंधक को देकर काम चलाया जा रहा था। अब विभाग ने समितियों में प्रबंधक की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए सेवा नियमों में संशोधन करके समिति प्रबंधक के पद को फिर से बनाया गया है। तय किया गया है कि तीन हजार चार पदों पर पूर्व से समितियों में काम कर रहे कर्मचारियों को मौका दिया जाएगा। एक हजार 208 पद बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आइबीपीएस) के माध्यम से भरे जाएंगे।



Demo Pic

### ऐसी रहेगी भर्ती प्रक्रिया

तीन हजार चार पदों के लिए पूर्व से जो कर्मचारी काम कर रहे हैं, उनसे आवेदन लिए जाएंगे। नियुक्ति के लिए कम से कम पांच साल का अनुभव, न्यूनतम बारहवीं उत्तीर्ण होना, गबन या धोखाधड़ी का मामला न होना, 57 वर्ष से कम आयु और कंप्यूटर संबंधी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य रहेगा। इसके आधार पर प्रावीण्य सूची बनाई जाएगी। खाली पद के दोगुना आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इसके अलग नंबर रहेंगे। इसके आधार पर अंतिम सूची बनेगी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक चयनित अभ्यर्थी के दस्तावेज परीक्षण और अभिमत के साथ संयुक्त पंजीयक को भेजेगा। पंजीयक अपने स्तर पर परीक्षण कराएंगे और अनुमोदन देंगे।

संपादकीय

## स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी, युवा बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा: मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विद्यार्थियों के लिए अध्ययन के साथ खेल गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं। स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी हैं। स्वस्थ व्यक्ति राष्ट्र के विकास में बेहतर योगदान दे सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने बैंडमिंटन कोर्ट में युवाओं के साथ बैडमिंटन भी खेला। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खेल परिसर का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य नागरिकता के संस्कार देना है। साथ ही विद्यार्थियों को अपने शरीर को स्वस्थ रखना आवश्यक है। युवाओं को जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति पर ध्यान देना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा था - ÷युवाओं को सभी क्षेत्रों में योगदान देना है। युवा बढ़ेंगे तो देश भी बढ़ेगा। उनका कहना था 21वीं सदी भारत की होगी, जिसमें सर्वाधिक योगदान युवाओं का होगा।÷ मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य कौशल का विकास कर रोजगार के अवसर बढ़ाना है। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर शोध और स्टार्ट अप को भी बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ-व्यवस्था के संकल्प में तकनीकी शोध का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। इसमें युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इनके दृढ़ संकल्प से सफलता जरूर मिलेगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि संक्रमण की नई लहर आ गई है, पूरी सावधानियों के साथ प्रतियोगिता का आयोजन करना है। प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुनील कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। श्री महंत सहदेव आनंद गिरि जी ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का रुद्राक्ष की माला से स्वागत कर सुशासन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और आमंत्रित राज्यों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सर्वेक्षण तो यूपी में भाजपा की सरकार बनवा रहे हैं, परन्तु हकीकत क्या है?

*पहली बार बसपा में टिकट के इच्छुक नेताओं की संख्या काफी कम नजर आ रही है, उससे भी खराब स्थिति कांग्रेस की है। प्रियंका गांधी वाड्रा की लाख कोशिशों के बाद भी पार्टी को तमाम विधान सभा सीटों पर जिताऊ उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के भीतर भी टिकट के लिए नेताओं के बीच काफी गहमागहमी नजर आ रही है।*

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा चुनाव की घड़ी लगातार नजदीक आती जा रही है। हफ्ते-दस दिन में चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता भी लग जाएगी। 14 मार्च तक 18वीं विधान सभा का गठन हो जाना है। समय के साथ तमाम पार्टियों में प्रचार के साथ-साथ प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेजी पकड़ती जा रही है। टिकट के लिए दावेदारों में सबसे अधिक मारामारी भाजपा और समाजवादी पार्टी के भीतर दिखाई दे रही है।

पहली बार बसपा में टिकट के इच्छुक नेताओं की संख्या काफी कम नजर आ रही है, उससे भी खराब स्थिति कांग्रेस की है। प्रियंका गांधी वाड्रा की लाख कोशिशों के बाद भी पार्टी को तमाम विधान सभा सीटों पर जिताऊ उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के भीतर भी टिकट के लिए नेताओं के बीच काफी गहमागहमी नजर आ रही है। सभी दलों का शीर्ष आलाकमान प्रत्याशी चयन के लिए उम्मीदवार की योग्यता, जातीय गणित से लेकर क्षेत्रीय समीकरण भी देख रहे हैं। चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही प्रचार अभियान बेहद तेज हो चुका है।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यूपी की जनता का मूड क्या है? यूपी में क्या किसी एक पार्टी की दो बार सरकार नहीं बनने के इतिहास को ठेंगा दिखाते हुए एक बार फिर योगी मुख्यमंत्री बनेंगे या अखिलेश यादव की पांच वर्ष के बाद सत्ता से वापसी होगी। बसपा सुप्रीमो मायावती या फिर कांग्रेस की महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा उनसे (योगी से) सत्ता छीनने में कामयाब रहेंगे? तमाम सर्वेक्षणों पर नजर दौड़ाई जाए तो कयास यही लगाए जा रहे हैं कि यूपी में एक बार फिर बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। समाजवादी पार्टी भाजपा को टक्कर तो दे रही है, लेकिन सत्ता में आने में कामयाब होती नहीं दिख रही है। तमाम सर्वेक्षणों का निचोड़ निकाला जाए तो इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में 403 सीटों वाली यूपी विधानसभा में बीजेपी 230 से 249 सीटें जीत सकती है। वहीं, समाजवादी पार्टी 137 से 144 सीटों पर कब्जा कर सकती है। बीएसपी और कांग्रेस के प्रदर्शन में इस बार भी सुधार होता नहीं दिख रहा है। सर्वे के नतीजे कहते हैं कि मायावती की पार्टी जहां 9-14 सीटों पर सिमट सकती है तो कांग्रेस को महज 4-6 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की जा रही है। यह जरूर है कि पूरे प्रदेश में एक की बयार नहीं बह रही है, कहीं बीजेपी अच्छी स्थिति में नजर आ रही है तो कहीं समाजवादी पार्टी भारी पड़ रही है। तमाम चुनाव सर्वे के अनुसार उत्तर प्रदेश में बीजेपी को 38.6 फीसदी वोट मिल सकते हैं तो समाजवादी पार्टी 34.4 फीसदी वोट पाती दिख रही है। बसपा को 14.1 फीसदी तो कांग्रेस को



6.1 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। वहीं अन्य के खाते में 6.8 फीसदी वोट जा सकते हैं। ऐसा लग रहा है

**■ बुंदेलखंड में भी बीजेपी की स्थिति बेहतर नजर आ रही है।**

कि ज्यों ज्यों चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है त्यों त्यों भाजपा के प्रति वोटरों की नाराजगी कम होती जा रही है। इसकी एक वजह यह भी है कि योगी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ वर्ष में जनता के लिए सरकारी खजाना पूरी तरह से खोल दिया है। वोटर नहीं चाहते हैं कि किसी और को वोट देकर वह इस खजाने का रूख किसी और तरफ मोड़ दें। खैर, पूरे प्रदेश के चुनाव की स्थितियों का अलग-अलग आकलन किया जाए तो सबसे दिलचस्प स्थिति पश्चिम यूपी की है। यहां समाजवादी पार्टी को फायदा है लेकिन बीजेपी भी ज्यादा पीछे नहीं नजर आ रही है। मतलब किसान आंदोलन और किसानों की नाराजगी के चलते बीजेपी को जितना नुकसान सोचा जा रहा था, उसे उतना नुकसान नहीं हो रहा है। सर्वे के मुताबिक, पश्चिम उत्तर प्रदेश में 2017 के चुनाव के मुकाबले समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रह सकता है। लेकिन बीजेपी अब भी यहां सबसे अधिक सीटें जीतती दिख रही है। पश्चिमी यूपी की 97 सीटों में बीजेपी 57-60 जीत सकती है तो समाजवादी पार्टी 35-30 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। बसपा को यहां 0-1 और कांग्रेस को 1-2 सीटें मिलने की संभावना है। पश्चिम यूपी को लेकर सर्वे के नतीजे इसलिए भी दिलचस्प हैं, क्योंकि यूपी के इसी हिस्से में किसान आंदोलन का सबसे अधिक असर था। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कृषि कानूनों की वापसी के बाद किसानों की नाराजगी पूरी तरह खत्म हो गई है। बुंदेलखंड में भी बीजेपी की स्थिति बेहतर नजर आ रही है। सर्वे के अनुसार बुंदेलखंड की करीब 18 सीटों में बीजेपी को 14-15 तो समाजवादी पार्टी को 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है। बसपा को यहां पर एक सीट मिल सकती है तो कांग्रेस का यहां खाता खुलता नहीं दिख रहा है। इसी तरह से रुहेलखंड में बीजेपी 30-36 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है तो समाजवादी पार्टी के खाते में 17-18 सीटें जा सकती हैं। बीएसपी को 1-2 तो कांग्रेस को 1 सीट मिल सकती है। अवध क्षेत्र में बीजेपी 57-65 सीटें जीत सकती है तो समाजवादी पार्टी यहां 31-33 सीटों पर कब्जा कर सकती है। सर्वे के मुताबिक, बीएसपी को 3 सीटें मिल सकती है तो कांग्रेस 2-3 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। यहां 1 सीट अन्य के खाते में भी जा सकती है। मध्य यूपी की बात करें तो यहां की 35 सीटों में से बीजेपी को 17-21 सीटें, तो समाजवादी पार्टी को 12-13 सीटें मिल सकती है। बीएसपी एवं कांग्रेस और अन्य के खाते में 0-1 सीटें रह सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद पूर्वांचल से भी समाजवादी पार्टी को काफी उम्मीदे हैं।

## सभी जिलों में संक्रमित नागरिकों को मिले बेहतर उपचार और देखभाल : मुख्यमंत्री श्री चौहान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विश्व में कोरोना के नए स्वरूप ओमिक्रॉन का संक्रमण देखने को मिल रहा है। भारतीय राज्यों में भी संक्रमण बढ़ रहा है। लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं बल्कि अधिक से अधिक सावधानियाँ बरतने की जरूरत है। हम पहले की तरह इस बार भी सबके साथ मिलकर इस संक्रमण का मुकाबला करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य रूप से मॉस्क का उपयोग किया जाए। मॉस्क का उपयोग न करने पर जुर्माना लगाया जाये। अभी अनेक राज्यों में नाइट कर्फ्यू के अलावा अन्य प्रतिबंध नहीं है। मध्यप्रदेश में भी कोई नए सख्त प्रतिबंध नहीं होंगे, लेकिन विभिन्न अवसरों पर उपस्थिति की संख्या सीमित करने का निर्णय हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा विभिन्न मंत्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रदेश के कलेक्टर्स से कोविड-19 की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल सहित जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर के कलेक्टरों से किए गए प्रबंध की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड केयर सेंटर में संक्रमित रोगियों के आइसोलेशन की समुचित व्यवस्था हो। प्रभारी अधिकारी जिलों के संपर्क में रहें। सभी सावधानियों का पालन करवाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन कम से कम 60 हजार कोरोना टेस्ट राज्य में हों। अस्पतालों में आवश्यकतानुसार बेड की व्यवस्था हो। कोविड केयर सेंटर्स में भी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँ। अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर्स में एक से सवा लाख बिस्तरों की क्षमता निर्मित रहे। भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप उपचार और अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। संक्रमण से घबराए नहीं पूरी सावधानियाँ रखते हुये आमजन को जागरूक किया जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महाराष्ट्र में सर्वाधिक संक्रमण है। पड़ोसी राज्य होने के नाते मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक एहतियात बरते।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में लगाये बादाम और काला शीशम के पौधे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट उद्यान में बादाम और काला शीशम के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ स्क्वायर एलएलपी स्वैच्छिक संगठन के प्रकाश चडोकर, कु. आरती कुशवाह और कुणाल नागर ने भी पौधे रोपे।

### संस्था की गतिविधियाँ

स्क्वायर एलएलपी संस्था अपशिष्ट प्रबंधन, पौधों की सुरक्षा और नारियल अपशिष्ट को री - साइकिल के माध्यम से उपयोग में लाकर मृदा का निर्माण कर रही है। संस्था पौधों के लिए उपयोगी खाद बनाने और गृहणियों को खाद के उत्पादन से जोड़ने का कार्य भी कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संस्था के सदस्यों को रचनात्मक कार्यों के लिए बधाई दी।

**बादाम: उच्च रक्तचाप, कब्ज रोग के उपचार में है उपयोगी:** बादाम एक मेवा है। तकनीकी दृष्टि से यह बादाम के पेड़ के



फल का बीज है। बादाम के पेड़ में गुलाबी और श्वेत रंग के सुंगधित फूल लगते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में यह अधिक पनपता है। एशिया में ईरान-ईराक में यह अधिक मात्रा में होता है।

### काला शीशम

आज लगाये गये काले शीशम की लकड़ी फिनिशिंग और शाइनिंग उच्च श्रेणी की होती है और रेशे अच्छे दिखते हैं। शीशम का वृक्ष पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। इसकी लकड़ी फर्नीचर बनाने में काम आती है।

# नववर्ष पर भोजपुर मंदिर, सांची स्तूप व भीमबैठका के शैलचित्र देखने उमड़े लोग



युवा प्रदेश नेटवर्क

**रायसेन।** नववर्ष 2022 के पहले दिन शनिवार को जिला में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों भोजपुर शिवमंदिर, सांची स्तूप और भीमबैठका के प्राचीन शैलाश्रय व शैलचित्रों को देखने के लिए के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इनके अलावा भोजपुर, रायसेन किला, जामगढ़, बापौली व बौरास घाट पर पर्यटकों ने नववर्ष का लुत्फ उठाने के साथ ही धार्मिक लाभ भी प्राप्त किया। सांची स्तूप प्रबंधक संदीप कुमार मेहतो ने बताया कि इस बार नववर्ष के पहले दिन अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा पर्यटक आए। कोरोना लॉकडाउन के कारण स्तूप परिसर पिछले वर्ष बंद था। इस बार पर्यटकों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। अधिकांश लोग अवकाश के दिन आते हैं। अब जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं है इस कारण भी पर्यटकों में भय कम हुआ है। सांची स्तूप देखने के लिए पिछले सात दिनों में जितने पर्यटक आए उतने शनिवार को एक दिन में ही पहुंचे हैं। करीब दस हजार पर्यटकों ने सुबह 6:30 बजे से रात तक सांची स्तूप देखा हैं। भोजपुर शिव मंदिर में सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। नववर्ष पर बेहतर स्वास्थ्य, धन-लाभ और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर श्रद्धालुओं ने पूजन किया। मंदिर में शिवलिंग के दर्शन करने बीस हजार से अधिक लोग पहुंचे। भीमबैठका के शैलचित्र देखने के लिए काफी पर्यटक पहुंचे। भोजपुर व भीमबैठका स्मारक प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले सप्ताह के मुकाबले इस शनिवार को पर्यटकों की संख्या अधिक रही। पिछले शनिवार व रविवार को भीमबैठका में करीब दो हजार पर्यटक पहुंचे थे जबकि शनिवार को पांच हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं। पर्यटकों को कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करने को कहा गया था। मुख्य प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है। मास्क लगाने वाले पर्यटकों को ही प्रवेश दिया जा रहा है।

## सचिवों व रोजगार सहायकों ने की शिकायत-उपयंत्री मांग रहे रिश्वत

**गैरतगंज।** जनपद पंचायत गैरतगंज के हरदौट कलस्टर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने लिखित शिकायत की है कि उपयंत्री द्वारा ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों के मूल्यांकन करने के बदले पांच प्रतिशत अतिरिक्त रिश्वत की मांग की जा रही है। इस संबंध में जनपद सीईओ ने कार्रवाई करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (आरईएस) को कार्रवाई करने पत्र लिखा है। जबकि उपयंत्री ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है।

## मौसम में बदलाव, सचेत रहें कृषक

**विदिशा।** वर्तमान में पश्चिमोत्तर उत्तरप्रदेश के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊँचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में ट्रफ के साथ अभी भी सक्रिय है। अन्य चक्रवातीय परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार के ऊपर सक्रिय है, जिससे होकर पूर्वी मध्यप्रदेश और तेलंगाना तक ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। 1-2 जनवरी को दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद 5-7 जनवरी के मध्य अगले प्रभावशाली पश्चिमी विक्षोभ की संभावना बनी हुई, जिससे मध्य प्रदेश में फिर से वर्षाध् तड़ित झंझावात का मौसम सम्भावित है।














**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क, प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204


## जिले में 18 वर्ष उम्र से अधिक के सभी लोगों को वैक्सीन के दोनों डोज लगे

**रायसेन।** नववर्ष 2022 में कोरोना से जंग जीतने की तैयारी है। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने 30 दिसंबर तक जिले में 18 से अधिक उम्र के लगभग सभी लोगों को प्रथम व दूसरी डोज लगा दी है। जिले में 9 लाख 15 हजार लोगों को कोविड वैक्सीन का डोज लगाने का लक्ष?य था। जिसमें से पहला डोज लक्ष?य से अधिक 9 लाख 21 हजार 418 लोगों को लगाया गया है। पहला डोज इसलिए लक्ष?य से अधिक है क्योंकि जब महानगरों में वैक्सीन की कमी थी जब लोग रायसेन जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में आकर डोज लगवा रहे थे। जिले में दूसरा 9 लाख 14 हजार 504 लोगों को लगाया गया है। गुरुवार को 931 लोगों डोज लगाया गया है। इस प्रकार जिले में प्रथम व द्वितीय कुल 18 लाख 35 हजार 922 डोज लगाए गए हैं।

## खेती के लिए साफ कर रहे जंगल, मिटा रहे हरे भरे पेड़

**ग्यारसपुर।** जिले के ग्यारसपुर के जंगल पर अतिक्रमण करने वालों की नजर लग गई है। वे वन विकास निगम के अधीन रिजर्व फारेस्ट कहलाने वाले जंगल मे हरे भरे पेड़ों को काटकर मैदान बनाने में लगे है ताकि वहां खेती की जा सके। बीते एक सप्ताह में ही कई पेडों को काटा जा चुका है लेकिन निगम का अमला बेखबर है। निगम के वन परिक्षेत्र अधिकारी आरके वर्मा से दो दिन से उनके मोबाइल फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया। मालूम हो, बीते साल मुरवास और लटेरी में जंगल मे अतिक्रमण के कारण ही कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई थी। मुरवास में अतिक्रमण करने वाले सरपंच पति की हत्या के बाद मुरवास में कई दिनों तक कर्फ्यू लगाना पड़ा था।

# विदिशा में चार दिन मंडी बंद करने की घोषणा से किसान नाराज, किया चक्काजाम

**विदिशा।** मौसम विभाग द्वारा सात, आठ और 9 जनवरी को संभावित मौसम खराब होने की जानकारी के चलते कृषि उपज मंडी में चार दिन अवकाश की घोषणा करने और धान के दामों में आई गिरावट को लेकर गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकत्रित होकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची तहसीलदार और सीएसपी ने उन्?हें समझाइश देकर प्रदर्शन खत्म करने के लिए कहा, लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े हैं। बता दें कि धान के भाव में गिरावट का आरोप लगाते हुए किसानों ने इस सीजन में दूसरी बार नेशनल हाइवे पर चक्काजाम किया है। ग्राम विष्न के किसान चेतन सिंह चौहान का कहना था कि जो धान तीन दिन पहले 2800 रुपए प्रति कुंतल में नीलाम हो रही थी, आज उसी धान को व्यापारी 2400 से 2500 रुपये क्विंटल में खरीद रहे थे। इसी बात से किसान नाराज हो गए।



### मंडी बंद की घोषणा ने बढ़ा दिया गुस्सा

किसानों का कहना था कि मौसम विभाग ने आगामी तीन से चार दिन तक मौसम खराब होने की बात कही है। इसी भविष्यवाणी को आधार मानकर कृषि उपज मंडी समिति ने चार दिन तक मंडी में धान की नीलामी नहीं करने की घोषणा कर दी। यह हमारे साथ अन्?याय है। किसानों का कहना था कि वह तीन से चार दिन से मंडी में अपनी उपज तलवानी रुके हुए हैं। मंडी समिति किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है।

### विवाद होता देख व्यापारियों ने रोक नीलामी

किसानों ने जब अपनी बात रखनी चाही तो व्यापारियों से उनका विवाद होने लगा। इसी के चलते व्यापारियों ने बीच में ही नीलामी रोक दी और चलते बने। कृषि उपज मंडी के सचिव कमल बगबैया किसानों के बीच बात करने पहुंचे तो उन्होंने सचिव से बात करने से साफ इंकार कर दिया।




# रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा बोलीं- मैंने अपनी लव लाइफ में बहुत दर्द सहा है

*रामायण जैसा सुपर हिट शो बनाने वाले रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा म्यूज़िक में अपना करियर बनाना चाहती हैं। साक्षी ने 10 साल की उम्र से ही वेस्टर्न वोकल में ट्रेनिंग ली और 18 साल की उम्र में लंदन के ट्रिनिटी कॉलेज से रॉक एंड पॉप में 8 साल की डिग्री हासिल की है। अब वे अपना पहला म्यूज़िक एल्बम लॉन्च करने की तैयारी में जुट चुकी हैं। हाल ही में दैनिक भास्कर से ख़ास बातचीत के दौरान, साक्षी ने बताया कि उनका पहला एल्बम उनकी लव लाइफ से जुड़ा है। रियल लाइफ में उन्होंने रिलेशनशिप में काफी दर्द सहा है। अपने इसी अनुभव को वे अपने म्यूज़िक के जरिए लोगों तक पहुंचाना चाहती हैं। बातचीत के दौरान, उन्होंने ख़ुद को डिप्रेशन का शिकार होने की बात भी बताई और रामानंद सागर परिवार से होने के दबाव के बारे में भी खुलकर बात की।*



## संगीत से अपनी सोच दुनिया तक पहुंचाना चाहती हूं

9 साल की उम्र से ही मैं सिंगर बनने का सपना देखा करती थी, हर बार बस यही सोचती की मेरा अपना अल्बम कब रिलीज़ होगा। आख़िरकार अब मैं ख़ुद को अपने सपने के करीब देख पा रही हूं। मैं तैयार हूं, दुनिया को दिखाने के लिए कि मैं क्या हूं और क्या सोचती हूं। मेरे म्यूज़िक का जॉनर पॉप और आर एंड बी है। संगीत के जरिये अपनी सोच को दुनिया तक पहुंचाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## मैंने अपनी लव लाइफ में बहुत दर्द सहा है

मैंने अपने रिलेशनशिप में कई उतार चढ़ाव देखे हैं। जब-जब ब्रेक अप होता बहुत दर्द होता था। कई बार ऐसा लगता कि ज़िंदगी में कुछ बचा ही नहीं। आप किसी पर भरोसा करते हो और फिर वो आपका भरोसा तोड़ देता है, ये वाकई में बहुत दर्दनाक होता है। मैंने अपने लव लाइफ में बहुत दर्द सहा है और इसीलिए अपना पहला म्यूज़िक एल्बम इस टॉपिक पर बनाने का सोचा।

## मेरे पार्टनर में वफादारी-एडवेंचर जैसी क्वालिटीज़ होनी चाहिए

*इस बात से इंकार नहीं करूंगी कि मैं अपनी लाइफ में डिप्रेशन का शिकार हो चुकी हूं। सुसाइड के विचार भी आते थे लेकिन अब मैं उस फेज से बाहर आ चुकी हूं। मेरे परिवार वालों ने मेरे इस फेज में बहुत मदद की, ख़ास तौर पर मेरी मां ने। उन्होंने मुझे बहुत सपोर्ट किया- मेंटली और इमोशनली। समय सभी घावों को भर देता है, है ना? मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। मैं फिर से प्यार में पड़ने के लिए तैयार हूं। बस मेरे पार्टनर में वफादारी और एडवेंचर जैसी क्वालिटीज़ होनी चाहिए।*

### कसौटी फेम एरिका फर्नांडिस और उनकी मां हुईं कोरोना पॉजिटिव,

# छोटी सरदारनी की अनीता राज 2 महीने में दूसरी बार संक्रमित



पॉपुलर टीवी शो कसौटी जिंदगी की 2 की एक्ट्रेस एरिका फर्नांडिस कोरोना की चपेट में आ गई हैं। एरिका के साथ उनकी मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। वहीं छोटी सरदारनी फेम अनीता राज भी कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। वह अभी होम क्वारैंटाइन में हैं। उनके पॉजिटिव होने के बाद शो की पूरी टीम का कोविड टेस्ट करवाया गया और सेट को भी सैनिटाइज करवाया गया। हैरानी की बात यह है कि अनीता को दो महीने पहले यानी अक्टूबर में भी कोविड हुआ था।

## एरिका ने सोशल मीडिया के जरिए दी कोरोना से संक्रमित होने की जानकारी

एरिका फर्नांडिस ने सोशल मीडिया के जरिए फैन्स को इसकी जानकारी दी और अपने पोस्ट में लिखा, ÷जब कोविड ने पहली बार हमें हिट किया तो मैं इसे लेकर काफी डरी हुई थी। लेकिन मुझे पता था कि जल्दी या बाद में ये वायरस हमें अपनी चपेट में लेने ही वाला है। दुर्भाग्य से मैं और मेरी मां कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मैं आपको एक सलाह देना चाहती हूं कि कोई होम किट (कोविशेल्फ किट) पर भरोसा ना करें। क्योंकि ये भरोसा करने लायक नहीं है। 2 जनवरी को जब मुझे खांसी और गले में खराश हुई थी तब मैंने कोविड सेल्फ किट से टेस्ट किया था। मुझे पता था कि लैरिंजाइटिस का इतिहास होने की वजह से मुझे खांसी और गले की खराश उस वजह से हो सकती है। इसकी पुष्टि के लिए मैंने उस दिन 2 और टेस्ट किए। लेकिन मेरे तीनों टेस्ट निगेटिव आए और मेरी मां का टेस्ट भी निगेटिव आया।÷ एरिका ने आगे लिखा, ÷हमने कोविशेल्फ किट से टेस्ट किया था। नेगेटिव आने के बाद भी मैं अच्छा फील नहीं कर रही थी। क्योंकि इस बार गले की खराश इतनी खराब थी कि मुझे लग रहा था कि किसी ने मेरे गले में सैंड पेपर रख दिया हो। जैसे ही मुझमें लक्षण बढ़ने लगे वैसे ही मैंने लैब में जाकर टेस्ट कराया और तब मेरा रिजल्ट कोरोना पॉजिटिव आया। मेरी मां और मैं कंजेशन, खांसी, सिरदर्द, ठंडा शरीर, बुखार का सामना कर रहे हैं।

## सभी प्रोटोकॉल्स को फॉलो करने के बाद भी अनीता हो गई कोरोना पॉजिटिव

वहीं छोटी सरदारनी टीम से जुड़े एक सदस्य ने एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान कहा, ÷यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि तमाम प्रोटोकॉल और सावधानी बरतने के बावजूद हमारी टीम का एक मेंबर कोरोना की चपेट में है। अनीता की बात करें तो वो बेहद हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करती हैं और खूब वर्कआउट करती हैं।

## भाईजान हुए ट्रोलिंग का शिकार: तोंद में वीडियो सामने आने पर बुरी तरह ट्रोल हुए सलमान खान



बॉलीवुड एक्टर हाल ही में दबंग टूर के लिए रियाध गए हुए थे। यहां सलमान ने अपनी टीम के साथ अपने धमाकेदार गानों में परफॉर्मेंस दी थी। अब इस टूर की रिहर्सल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें सलमान को बढ़े हुए पेट के चलते ट्रोल किया जा रहा है वीडियो में सलमान खान अपनी फिल्म दबंग के गाने पांडे जी सीटी की रिहर्सल करते दिख रहे हैं। काले रंग की टी-शर्ट और जैकेट पहने सलमान का पेट इस वीडियो में काफी बढ़ा हुआ दिख रहा है, जबकि आखिरी फिल्म अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में एक्टर के सिक्स पैक एब्स देखने मिले है। ये देखकर लोग उन्हें काफी ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, अरे तोंद तो देखो। दूसरे ने लिखा, इससे ये साबित होता है कि अंतिम फिल्म में सलमान की बॉड फेक थी। अब देखो कितना पेट निकल गया है। एक यूजर ने ट्रोल करते हुए लिखा, अब वीएफएक्स वाले इनके सिक्स पैक दिखाएंगे। दूसरे ने लिखा, अंकल का पेट बाहर आ गया है। बता दें कि सलमान खान का दबंग शो 10 दिसम्बर को रियाद में हुआ था। यहां उनके साथ शिल्पा शेट्टी, सई मांजरेकर, आयुष शर्मा, गुरु रंधावा भी थे।

## कॉमेडियन का डर: भारती सिंह नहीं करवाना चाहतीं सिजेरियन डिलीवरी,

# बोलीं- मैंने सुना है इसमें बेहद दर्द होता है



▪ कॉमेडियन भारती सिंह जल्द ही मां बनने वाली हैं।

*कॉमेडियन भारती सिंह जल्द ही मां बनने वाली हैं। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू के दौरान भारती ने अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में बात की और बताया कि वो इस समय अपनी हेल्थ का काफी ध्यान रख रही हैं। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें सीजेरियन सेक्शन से बहुत डर लगता है। इसलिए वो नॉर्मल डिलीवरी चाहती हैं। भारती रोज एक्सरसाइज करती हैं, जिससे उनकी डिलीवरी में कोई दिक्कत ना आए।*

### सी-सेक्शन को पूरी तरह से अवॉइड करना चाहती हैं भारती

*भारती कहती हैं, ÷मैं नॉर्मल डिलीवरी चाहती हूं। सिजेरियन से मुझे थोड़ा डर लगता है। मैंने सुना है कि इसमें काफी दर्द होता है। मैं एक वर्किंग मां हूं और मैं किसी भी तरह के कॉम्प्लीकेशन्स नहीं देखना चाहती हूं। इसलिए मैं रोज वर्कआउट कर रही हूं। डॉक्टर्स मुझे जो करने के लिए कह रहे हैं, मैं वो सभी कुछ कर रही हूं, जिससे मेरी नॉर्मल डिलीवरी हो। मैं योगा के साथ-साथ एक घंटा वॉक करती हूं। मैं पूरी तरह से सी-सेक्शन को अवॉइड करना चाहती हूं।*

### भारती को है कोरोना के बढ़ते केसेस को लेकर चिंता

*भारती ने आगे बातचीत में कोविड केस बढ़ने को लेकर भी चिंता जताई और कहा, ÷अगर लॉकडाउन लग गया तो क्या होगा। बिना किसी हाउस हेल्प के तो मैं पागल हो जाऊंगी। मैं अकेली कैसे करूंगी घर का काम, बाहर का काम और ऊपर से ये प्रेग्नेंसी।÷ वर्क फ्रंट की बात करें तो भारती इस समय द कपिल शर्मा शो में नजर आ रही हैं। साथ ही वो अपने पति हर्ष के साथ रियलिटी शो हुनरबाज को भी होस्ट कर रही हैं।*

# शेयर बाजार में भारी गिरावटः सेंसेक्स 800 पॉइंट्स गिर कर 59414 पर, 5 मिनट में निवेशकों के 2.7 लाख करोड़ डूबे





**मुंबई।** शेयर बाजार में आज भारी गिरावट दिख रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (ड्ढस्श्व) का सेंसेक्स 800 पॉइंट्स गिर कर 59,414 पर पहुंच गया है। ॥छ्वस्नष्ट लिमिटेड के शेयर में 3त्न की गिरावट है। निवेशकों को आज 60 सेकेंड में 2.7 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।

**492 अंक नीचे खुला था सेंसेक्सः** सेंसेक्स 492 पॉइंट्स नीचे 59,731 पर खुला था। खुलते ही पहले मिनट में यह 600 अंक टूट गया। इसके 30 शेयर्स में से केवल 3 शेयर्स बढ़त में हैं बाकी 27 गिरावट में हैं। गिरने वाले प्रमुख स्टॉक में ॥ष्टरुटेक, ॥छ्वस्नष्ट बैंक, इंफोसिस और टेक महिंद्रा डेढ़-डेढ़ पर्सेंट नीचे हैं। कोटक बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, ढ्ढष्टढ्ढष्टढ्ढ बैंक, बजाज फिनसर्व 1-1त्न टूटे हैं।

**एयरटेल और सनफार्मा बढ़ेः** बढ़ने वाले स्टॉक में केवल एयरटेल, सनफार्मा, टाटा स्टील और डॉ. रेड्?डी हैं। सेंसेक्स के 261 स्टॉक अपर सर्किट में और 172 लोअर सर्किट में हैं। सर्किट का मतलब एक दिन में उससे ज्यादा बढ़त या गिरावट किसी शेयर में नहीं हो सकती है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 269.60 लाख करोड रुपए है। कल यह 272.35 लाख करोड़ रुपए था। यानी इसमें आज 2.7 लाख करोड़ की गिरावट आई है। निफ्टी 233 अंक गिरा उधर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 233 अंक गिरकर 17,686 पर कारोबार कर रहा है। यह 17,768 पर खुला था। दिन में इसने 17,797 का ऊपरी और 17,671 का निचला स्तर बनाया। इसके 50 शेयर्स में से 43 गिरावट में और 7 बढ़त में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी के मिडकैप, बैंकिंग, फाइनेंशियल और नेक्स्ट 50 इंडेक्स गिरावट में हैं। निफ्टी के गिरने वाले प्रमुख शेयर्स में ॥छ्वस्नष्ट, ॥ष्टरुटेक, ॥छ्वस्नष्ट बैंक, टेक महिंद्रा, और आयशर मोटर्स हैं। बढ़ने वाले शेयर्स में हिंडालको, एयरटेल, ह्रहृत्रष्ट और सनफार्मा हैं। इससे पहले कल लगातार चौथे दिन बाजार में बढ़त रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (ड्ढस्श्व) का सेंसेक्स 367 पॉइंट्स बढ़कर 60,223 पर जबकि निफ्टी 120 अंक बढ़त के साथ 17,925 पर बंद हुआ। चार दिनों में सेंसेक्स 2400 अंक बढ़ चुका है।

## ऑटो सेल्स को बड़ा झटकाः दिसंबर में सालाना आधार पर गाड़ियों की बिक्री 16% घटी




**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने दिसंबर 2021 के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में ओवरऑल ऑटो सेल्स में सालाना आधार पर 16.05त्न की गिरावट रही। दिसंबर 2020 में ओवरऑल 18,56,869 यूनिट की बिक्री हुई थी, जो दिसंबर 2021 में घटकर 15,58,756 यूनिट हो गई। पैसेंजर व्हीकल की रिटेल बिक्री में दिसंबर में सालाना आधार पर 11त्न की कमी देखी गई। गिरावट की प्रमुख वजह सेमीकंडक्टर की कमी मानी जा रही है। दिसंबर में पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में 2,44,639 यूनिट की बिक्री हुई। जो दिसंबर 2020 में 2,74,605 यूनिट रही थी।

### टू-व्हीलर्स की बिक्री में 19% की गिरावट

टू-व्हीलर्स की बिक्री ने भी दिसंबर में खराब प्रदर्शन किया। दिसंबर में 19.96त्न की कमी के साथ 11,48,732 यूनिट टू-व्हीलर्स की बिक्री हुई, जो कि पिछले साल समान अवधि में 14,33,334 यूनिट बिकी थी। दिसंबर 2019 की तुलना में भी गिरावट रही है। 2 साल पहले समान अवधि में 12,75,501 यूनिट की बिक्री हुई थी।

### कमर्शियल व्हीकल में 13त्न का उछाल

कॉमर्शियल व्हीकल की सेल्स में दिसंबर में 13.72त्न की तेजी देखी गई। इसने पिछले साल के 51,749 यूनिट के बजाए दिसंबर, 2021 में 58,847 की सेल्स दर्ज की। बेहतर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर माल ढुलाई दरों, जनवरी में कीमतों में बढ़ोतरी के चलते भी कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में तेजी देखने को मिली।

### सेमीकंडक्टर की कमी गिरावट का कारण

फाडा प्रेसिडेंट विंकेश गुलाटी ने कहा कि दिसंबर के महीने में आमतौर पर अधिक बिक्री देखी जाती है, जहां ह्रश्वरूसाल के बदलाव के कारण अपनी इन्वेंट्री को साफ करने के लिए भारी छूट देते हैं। हालांकि इस बार ऐसा नहीं हुआ। साल का आखिरी महीना रिटेल बिक्री में गिरावट के साथ बंद हुआ। सेमीकंडक्टर की कमी का असर सेक्टर पर जारी है।

## क्रिप्टोकरेंसी प्राइस अपडेटः

# बिटकॉइन और इथीरियम सहित सभी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में आज गिरावट

नई दिल्ली। बिटकॉइन, इथीरियम और टेदर सहित सभी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में आज गिरावट देखने को मिल रही है। आज यानी बुधवार को बिटकॉइन शाम 5 बजे 0.58त्न ( 24 घंटे में ) की गिरावट के साथ 37.17 लाख रुपए पर कारोबार कर रहा है। इस दौरान इसकी कीमत में 21,558 रुपए की गिरावट आई है। इथीरियम की बात करें तो ये भी 0.71त्न गिरकर पर 3.04 लाख रुपए पर आ गई है।



### क्रिप्टोकरेंसी की कीमतें

| कॉइन का नाम | प्राइस | चेंज (24 घंटों में) | चेंज (त्न) |
|---|---|---|---|
| बिटकॉइन | 37,17,203 | -21,558 | -0.58 |
| इथीरियम | 3,04,216 | -2,172 | -0.71 |
| टेदर | 79.87 | -0.32 | -0.41 |
| कारडानो | 106.96 | -0.09 | -0.09 |
| स्ष्ठ कॉइन | 79.87 | -0.32 | -0.41 |
| रिपल | 66.31 | -0.68 | -1.20 |
| पोल्काडॉट | 2,397.38 | -9.30 | -0.38 |
| डॉजकॉइन | 13.56 | -0.22 | -1.66 |
| पॉलीगॉन | 192.13 | -7.62 | -3.82 |
| सोलाना | 13,571 | -150.28 | -1.10 |

क्रिप्टोकरेंसी के रेट सोमवार शाम 5 बजे के हैं।

### देश का पहला क्रिप्टोकरेंसी इंडेक्स लॉन्च

क्रिप्टो सुपर ऐप क्रिप्टोवायर ने देश का पहला क्रिप्टोकरेंसी इंडेक्स ढ्ढष्15 लॉन्च किया है। क्रिप्टोवायर ने एक बयान में कहा कि सूचकांक दुनिया के प्रमुख क्रिप्टो बाजारों (एक्सचेंज) पर सूचीबद्ध व्यापक रूप से कारोबार वाली शीर्ष 15 क्रिप्टोकरेंसी के प्रदर्शन पर नजर रखेगा और उसे मापेगा। इस प्रकार, मौलिक रूप से यह संबंधित बाजार की वास्तविक स्थिति को सामने लाएगा, इससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

### 60 हजार पर पहुंचा शेयर बाजार

भारतीय शेयर बाजार 60 हजार के पार पहुंच गया है। आज लगातार चौथे दिन बढ़त रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (ड्ढस्श्व) का सेंसेक्स 367 पॉइंट्स बढ़कर 60,223 पर जबकि निफ्टी 120 अंक बढ़त के साथ 17,925 पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस 4.9.-4.9-4त्न से ज्यादा बढ़े हैं।

## कमाई में अंबानी पीछेः गौतम अडाणी की संपत्ति 3.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ी, अंबानी ने कमाया 98 हजार करोड़ रुपए

**मुंबइ।** अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी की संपत्ति साल 2021 में 3.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इसी दौरान दानदाता, निवेशक और बिजनेसमैन अजीम प्रेमजी ने मुकेश अंबानी से ज्यादा कमाई की है। मुकेश अंबानी की संपत्ति 6.81 लाख करोड़ रुपए ब्लूमबर्ग की इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की संपत्ति 6.81 लाख करोड़ रुपए रही। पूरे साल के दौरान उनकी कमाई 98,800 करोड़ रुपए बढ़ी, जबकि गौतम अडाणी ने 3.15 लाख करोड़



रुपए कमाया। उनकी कुल संपत्ति 5.72 लाख करोड़ रुपए रही। दुनिया में मुकेश अंबानी 12 वें रैंक पर और अडाणी 14 वें रैंक के सबसे अमीर बिजनेसमैन हैं। दुनिया के टॉप 10 अरबपति बिजनेसमैन की लिस्ट में कोई भी भारतीय नहीं है। अडाणी की कुल 6 लिस्टेड कंपनियां हैं। इन्होंने साल 2021 में सॉलिड फायदा निवेशकों को दिया है। अडाणी एंटरप्राइज के शेयर ने 2.45 गुना का रिटर्न दिया है। अडाणी ट्रांसमिशन ने 288त्न और अडाणी टोटल गैस ने 351त्न का लाभ दिया है।

## अमेजन-फ्यूचर डील विवादःफ्यूचर ग्रुप को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट की डिविजनल बेंच ने बुधवार को फ्यूचर ग्रुप को राहत देते हुए अमेजन के साथ सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (स्ढ्ढ्रष्ट) में चल रही प्रोसीडिंग्स (मध्यस्थता कार्यवाही) पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस डीएन पटेल और जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने सिंगल-जज के उस आदेश पर पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए फ्यूचर ग्रुप की दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। फ्यूचर ग्रुप ने अपनी याचिका में अमेजन के साथ सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (SIAC) में चल रही प्रोसीडिंग्स को अवैध घोषित करने की मांग की थी। फ्यूचर ग्रुप की कंपनी फ्यूचर कूपन प्राइवेट लिमिटेड (FCPL) और फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (स्नक्रु) दोनों ने ये याचिका 3 जनवरी को दायर की थी। जस्टिस अमित बंसल ने याचिकाओं को खारिज किया था। फ्यूचर ग्रुप का कहना था कि देश की एंटीट्रस्ट एजेंसी कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) उसकी और अमेजन की 2019 में हुई डील को सस्पेंड कर कर चुकी है। ऐसे में ये डील लीगल नहीं है। अमेजन और फ्यूचर रिटेल के बीच लंबे समय से डील को लेकर सिंगापुर आर्बिट्रेशन पैनल में सुनवाई हो रही है, लेकिन दोनों पक्ष आर्बिट्रेटर के लिए कुछ फैसलों को लागू करने या रद्द करने के लिए भारतीय अदालतों में केस लड़ रहे हैं।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)